<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर लोकसेवकों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य के लिए बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी और मुरादाबाद के डीएम अनुज सिंह को मिला पुरस्कार।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र सरकार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता पर स्पष्ट रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई पांच मई को होगी।
- आईपीएल दो हजार पचीस के तहत लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आज लखनऊ सुपरजायंट्स और दिल्ली कैपिटल के बीच मुकाबला होगा ।
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया। भीषण गर्मी के चलते कई जिलों के प्राथमिक स्कूलों के समय में हुआ बदलाव।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में सत्रहवें राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने लोक सेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

***देश में व्यवस्था परिवर्तन का एक बहुत बड़ा महायज्ञ शुरू हुआ है। हम इस तेज स्पीड के साथ खुद को तेजी से ढाल रहे हैं। आज भारत की एस्पिरेशनल सोसाइटी, भारत के युवा, भारत के किसान, भारत की महिलाएं, उनके सपनों की उड़ान आज जिस ऊंचाई परहै, वो वाकई अभूतपूर्व है।***

कार्यक्रम में मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह को जिले में दिव्यांग जनों के लिए सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए सम्मानित किया गया। वहीं बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी को जिले के सम्पूर्ण विकास के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया।

***मेरा नाम मोनिका रानी है। मैं जिलाधिकारी बहराइच हूं। 2023 का जिले के सम्पूर्ण विकास की श्रेणी के अंतर्गत ये पुरस्कार दिया गया है, इसके लिए मैं अपनी सम्पूर्ण टीम को बहुत–बहुत बधाई देती हूं। जो केन्द्र की जितनी भी योजनाएं हैं, इन सभी के अंतर्गत जनपद बहराइच ने बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके लिए मैं सभी को बहुत–बहुत बधाई देती हूं।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मुरादाबाद जनपद को पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सुगम्य पुस्तकालय पहल के लिए नवाचार श्रेणी में मुरादाबाद जिले को प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त होना पचीस करोड़ प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल में आयोजित गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा–पांच के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत में यात्राओं की लम्बी श्रृंखला रही है। आदि शंकराचार्य ने शंकर दिग्विजय यात्रा के माध्यम से भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम किया। ऐसी धार्मिक यात्रायें केवल आस्था नहीं बल्कि समाज को एकता के सूत्र में बांधने का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि सेवा यात्रा से स्वास्थ्य जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस यात्रा ने बड़ी संख्या में लोगों के लिये स्वास्थ्य सेवा और पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र सरकार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता पर स्पष्ट रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस सांसद की दोहरी नागरिकता के मामले में कल सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने ये निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई, लेकिन कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना तथा सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी।

**********

प्रदेश सरकार ने कल बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद ग्यारह जिलों के जिलाधिकारी बदल गये हैं। वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम को वाराणसी का ही मण्डलायुक्त बना दिया गया है। जबकि मुख्यमंत्री के विशेष सचिव को वाराणसी के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी गयी है। अम्बेडकरनगर जिले के जिलाधिकारी अविनाश सिंह अब बरेली के जिलाधिकारी होंगे। बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को आजमगढ़ का जिलाधिकारी बनाया गया है। अभिषेक पाण्डेय हापुड़ के जिलाधिकारी बनाये गये है। संतकबीरनगर के जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर को कुशीनगर के जिलाधिकारी पद की

जिम्मेदारी दी गयी है। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार को गाजीपुर और महोबा के जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को झांसी का जिलाधिकारी बनाया गया है। गजल भारद्वाज महोबा के जिलाधिकारी होंगे।

**********

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल लखनऊ में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप वर्ष दो हजार सैंतालिस तक देश को विकसित बनाने में ये युवा अहम भूमिका निभाएंगे।

***प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जिस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं, उनका लक्ष्य है कि दो हजार सैंतालीस तक हमको देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमको तीन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी हमको डेवलप करनी है। उत्तर प्रदेश के अंदर भी हमको लगातार उत्तम प्रदेश की ओर हम लगातार बढ़ रहे हैं। उन सब के लिए हमारा डिपार्टमेंट अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करता है। युवा स्किल्ड होंगे, उनको रोजगार मिलेगा। वो इंटरप्रेन्योर बनेंगे तो निश्चित रूप से हमारा लक्ष्य पूरा होगा।***

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आज आईपीएल दो हजार पचीस के तहत लखनऊ सुपरजाइंट्स और दिल्ली कैपिटल के बीच क्रिकेट मैच होगा। आज शाम साढ़े सात बजे से होने वाले मैच को लेकर कल दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में जमकर तैयारी की।

**********

श्रावस्ती जिले में कल नीति आयोग के केंद्रीय अधिकारी धीरज साहू ने सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि विभाग के एफपीओ के साथ किसानों की आय बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि श्रावस्ती जैसे आकांक्षी जनपद में तेजी से विकास हो रहा है।

***श्रावस्ती में एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम चल रहा है। यह आयोग द्वारा संचालित है और इसके अलावा एक ब्लॉक जमुनहा ब्लॉक जो है वो एस्पिरेशनल ब्लॉक के रूप में चयनित है तो उसमें जो सरकार की परिकल्पना है कि किस तरह से आकांक्षी जिलों और ब्लॉक में काम होना चाहिए। उसकी मैंने समीक्षा बैठक की और यहां पर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया कि उस काम में अग्रेतर और क्या सुधार किया जा सकता है।***

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी भागों में आज और कल के लिए हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आज से पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है। इस बीच, हीटवेव को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। वाराणसी जिले में आज से कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यालयों को सुबह सात बजे से अपराह्न एक बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया गया है। वहीं, चंदौली जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक आठवीं तक के स्कूलों के संचालन का आदेश निर्गत किया है।

**********

रोमन कैथेलिक चर्च के धर्मगुरू पोप फ्रांसिस के निधन पर देश में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। अठासी वर्ष की उम्र में कल वेटिकन सिटी में उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

**********

आज पूरे देश में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रहे लोगों को बधाई दी है। उन्होंने लोगों से धरती को हरा भरा एवं स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित होने की अपील भी की है।

**********